# एन. एस. एस. इकाई महाविद्यालय सराहां

## प्रभारी:  प्रो दिनेश कुमार

**<u>10th August 2024</u>**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 10 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नए सत्र 2024-25 की उदघाटन सभा का आयोजन किया गया। इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, सहायक आचार्य, दिनेश कुमार द्वारा स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, उदेद्श्य व महत्व के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई । सत्र के दौरान स्वयंसेवियों के विभिन्न प्रश्नो व शंकाओ का समाधान किया गया। अंत में राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






**<u>14th August 2024</u>**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 14 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व Anti drug cell के सन्युक्त तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग, श्री सुदेश कुमार (Convener, Anti drug Cell) ने नशे के दुष्प्रभाव व इससे बचने के उपायो विषय पर विद्यार्थियो को सम्बोधित किया। इस दौरान सभी प्राध्यापको व विद्यार्थियो को नशा न करने व इसके उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात महाविद्यालय से सराहां नया बस अडडा तक रैली निकालकर लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया।












**<u>15th August 2024</u>**:-

दिनांक 15.08.2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर व रेंजर, रोड सेफ्टी क्लब के स्वयंसेवियो व अन्य क्लबों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में डॉ अनीता ठाकुर, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय सराहां, बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय झंडा लहराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से "सारे जहां से अच्छा" गीत पेश किया। तत्पश्चात सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने सभागार में एकत्र होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत देश प्रेम से जुड़े समूह गान व युगल नाटियां पेश की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉक्टर अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश प्रेम सिर्फ सीमाओं से निर्धारित नहीं होता बल्कि यहां के तमाम जीव जंतु, पेड़ -पौधे, पर्यावरण आदि से लगाव होना और उनके प्रति सजग रहना राष्ट्र प्रेम कहलाता है। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





**<u>17th August 2024</u>**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अन्य क्लबों जैसे रोवर एवं रेंजर व इको क्लब आदि के साथ मिलकर 17/08/2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 120 विद्यार्थियों व महाविद्यालय कर्मचारियों ने साथ मिलकर पांच प्रजातियों के 55 पौधों का रोपण किया, जिसमें बहेड़ा, आंवला, सिल्वर रॉक, रीठा एवं अमरूद शामिल रहा। महाविद्यालय के प्राचार्या ने स्टाफ संग मिलकर पौधारोपण की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और प्रकृति को माँ के रूप में देखना अति आवश्यक है।









**<u>24$^{th}$August 2024</u>**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 24, अगस्त 2024 को कैरियर गाइडेंस और काउंसलिंग सेल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यार्थियों के लिए 'भारतीय सेना में भर्ती' हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री संजय राजन, (आर्मी एजुकेशन कोर से सेवानिवृत्त) मुख्य प्रवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए डॉ० राजन कौशल, सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग ने मुख्य प्रवक्ता के व्यक्तित्व और विषय पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात श्री संजय राजन ने विद्यार्थियों को सेना में भर्ती के विभिन्न स्तरों जैसे सामान्य सिपाही से लेकर कमीशंड ऑफिसर तक, NDA, CDS व SSB के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य बनाने और उसके लिए कड़ी मेहनत करने की भी प्रेरणा दी। वक्तव्य के बाद उन्होंने महाविद्यालय के लिए स्वरचित पुस्तक भी भेंट की। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर दिनेश कुमार, सहायक आचार्य राजनीति शास्त्र विभाग, ने मुख्य प्रवक्ता, महाविद्यालय प्राचार्या, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






**29th August 2024**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 29, अगस्त 2024 को महाविद्यालय सांस्कृतिक समिति व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यार्थियों के लिए "युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ करते हुए डॉ० राजन कौशल, सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग ने महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को अपने वक्तव्य पेश करने के लिए आमंत्रित किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रकट किए जिनमें से हिमानी स्नातक तृतीय वर्ष ने प्रथम, आशीष स्नातक प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा साक्षी स्नातक तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. जगमोहन ठाकुर ने सभी वक्ताओं व महाविद्यालय प्राचार्या, निर्णायक मंडल, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया एवं विद्यार्थियों को अपनी संपूर्ण ऊर्जा को देश के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण करने के लिए लगाने का आह्वान किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






**<u>31st August 2024</u>**:-

दिनांक 31 अगस्त 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई तथा पौधों की गुड़ाई के साथ-साथ "My Bharat Portal" पर स्वयंसेवियों का रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया। इन गतिविधियों में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 68 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया



**4th Sept 2024**:-

दिनांक 04.09.2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की साइबर जागरूकता सेल एवं एन.एस.एस. इकाई ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय सभागार में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. सुदेश कुमार (संयोजक, साइबर जागरूकता सेल) ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया। उन्होंने डिजिटल दुनिया में खुद को सुरक्षित करने के लिए तकनीकी समाधानों के अलावा “स्वय जागरूकता” की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर दिनेश कुमार (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।





**5th Sept 2024**:-

दिनांक 5 सितंबर 2024 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में अध्यापक दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर द्वारा सरस्वती माता के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस दौरान विद्यार्थी आशिमा, मेहक और आशीष कुमार ने अध्यापक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा साथ ही विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतिया दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के शिक्षकों के सम्मान में उपहार भी भेंट किए। महाविद्यालय प्राचार्या ने अपने संबोधन में अध्यापक दिवस की बधाई दी तथा सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया एवं विद्यार्थियों को जीवन में संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थी आशिमा द्वारा प्राचार्य महोदया तथा अन्य सभी अध्यापकों का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।









**<u>6th Sept 2024</u>**:-

दिनांक 06.09.2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में "युवा दिवस कार्यक्रम" के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पच्छाद एवं महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना इकाई एवं रेड रिब्बन क्लब के संयुक्त तत्त्वावधान में महाविद्यालय सभागार में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसे एक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था। बी.एम.ओ. पच्छाद डॉ. रजत चंद्रा, डॉ रजत मित्तल, डॉ शक्ति कुमार, डॉ सचिन एवं श्री नरवीर शर्मा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पच्छाद की ओर से इस कार्यक्रम में शिरकत की। प्रो सुदेश तोमर ने सभी का विधिवत रूप से स्वागत किया। इसके बाद नशा निवारण एवं HIV एड्स की रोकथाम विषयों पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में अपने विचारों को प्रस्तुत किया। नशा निवारण विषय पर साक्षी ने प्रथम, आशीष ने द्वितीय जबकि अमिता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि HIV एड्स की रोकथाम विषय पर आरती कुमारी ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय एवं मंजू शर्मा ने तृतीय स्थान झटका। तत्पश्चात डॉ. रजत मित्तल ने नशा निवारण विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया जबकि डॉ. शक्ति कुमार ने युवा दिवस की अहमियत को बताते हुए एड्स की रोकथाम विषय पर भी प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अनीता ठाकुर व बी.एम.ओ. पच्छाद डॉ. रजत चंद्रा, ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये। रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ मोल्लम डोलमा ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद् किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन और ब्लड प्रेशर की भी जाँच की गई। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।












__17th Sept 2024__:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 17/09/2024 को 'सेवा से सीखें' कार्यक्रम के तहत अस्पताल सराहां में अपनी सेवाएं दी। 11 स्वयंसेवियों के समूह ने इस दौरान Experimental learning program के तहत अस्पताल में मरीजों का रजिस्ट्रेशन के कार्यों में मदद के अतिरिक्त अस्पताल में मौजूद बीमार व्यक्तियों व बुजुर्गों की सहायता की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की सफाई भी की।















**23rd Sept 2024**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण स्वच्छता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सराहां की स्वयंसेवी आशिमा ठाकुर व महक शर्मा ने राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय नाहन में (Pre R.D. Camp) में हिस्सा लिया।




स्वच्छता ही सेवा
Clean India
Green India
USE ME
एक कदम स्वच्छता की ओर
Sarahan, Himachal Pradesh, India
P5GJ+F6C, Sarahan, Gaderan, Himachal Pradesh 173024
Lat 30.726172°
Long 77.18054°
23/09/24 11:08 AM GMT +05:30


Sarahan, Himachal Pradesh, India
P5GJ+F6C, Sarahan, Gaderan, Himachal Pradesh 173024
Lat 30.726229°
Long 77.180579°
23/09/24 11:11 AM GMT +05:30


Sarahan, Himachal Pradesh, India
P5GJ+F6C, Sarahan, Gaderan, Himachal Pradesh 173024
Lat 30.726231°
Long 77.18058°
23/09/24 11:22 AM GMT +05:30









NATIONAL SERVICE SCHEME
(Ministry of Youth Affairs & Sports, Government of India)
District Level Pre-RD Selection Camp
On:- 23-09-2024
Organiser:NSS Units, Dr YSP Govt PG College Nahan District Sirmour HP

**24th Sept 2024**:-

दिनांक 24.09.2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वयंसेवियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मेहमानों का स्वागत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि तथा अन्य मेहमानों का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत कर इसके महत्व एवं सामाजिक उपयोगिता से सभी को परिचित करवाया। स्वयंसेवी श्रुति शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, ध्येय वाक्य, उद्देश्य व महत्व पर पर अपना वक्तव्य रखा। इस दौरान "स्वच्छता ही सेवा" विषय के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा साथ ही स्वच्छता शपथ दिलाई गई। दिनांक 23 सितंबर 2024 को करवाई गई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले स्वयंसेवियों स्नेहा, कविता एवं कुमकुम गौतम को भी सम्मानित किया गया। स्वयंसेवियों ने एकल गान, एकल नृत्य, कव्वाली, गिद्दा एवं लोकनृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।













# अमर उजाला

## न्यूज डायरी

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नेहा ने मारी बाजी



सराहां महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र। स्रोत : महाविद्यालय

**सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर रहे। इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर रहे स्नेहा, कविता एवं कुमकुम गौतम को सम्मानित किया गया। स्वयंसेवियों ने एकल गान, एक नृत्य, कव्वाली, गिद्दा एवं लोकनृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। संवाद

**30th Sept 2024**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 30 सितंबर 2024 को महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान की थीम "स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता" के अधीन महाविद्यालय से नया बस स्टैंड सराहां तक स्वच्छता रैली निकाली एवं सफाई अभियान चलाया। यह आयोजन पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास का हिस्सा था जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई, कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर के द्वारा किया गया, जिन्होंने एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। इस अभियान में 102 एन.एस.एस. स्वयंसेवी, छात्र और स्टाफ शामिल थे। इस दौरान स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय हाईवे नंबर 707A, बाईपास, पुराना बस स्टैंड, हॉस्पिटल, DAV तालाब, नया बस स्टैंड सराहां तथा कुश्ती ग्राउंड आदि स्थानों पर जाकर प्लास्टिक इकट्ठा किया। इस अभियान के दौरान लगभग 25 किलोग्राम प्लास्टिक इकट्ठा करके उसका निस्तारण किया गया।

सफाई गतिविधियों के साथ-साथ, एनएसएस इकाई ने एक जागरूकता अभियान भी चलाया, जिसमें स्थानीय समुदाय को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों और दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने आसपास की सफाई में योगदान देने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने के प्रण के साथ हुआ।









## स्वच्छता रैली के माध्यम से किया जागरूक

**सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नया बस स्टैंड सराहां तक स्वच्छता रैली निकाली गई। इस दौरान सफाई अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर के द्वारा किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने नेशनल हाईवे बाईपास, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल, तालाब, नया बस स्टैंड सराहां तथा कुश्ती ग्राउंड आदि स्थानों पर जाकर 25 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया। संवाद








**<u>2nd Oct, 2024</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 2 अक्तूबर 2024 को महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राष्टपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष पर "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अधीन महाविद्यालय परिसर व इसके आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा दोनों

महापुरुषों की जयंती पर संक्षिप्त वक्तव्य दिया गया उसके तुरंत बाद स्वयंसेवी आशिमा ठाकुर ने महात्मा गांधी जी के जीवन पर कविता पेश की। इसके उपरांत सभी स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर व साथ लगते क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्वयंसेवियों को पांच समूहों में बांटा गया। समूह-1 के द्वारा महाविद्यालय से राष्ट्रीय हाईवे नंबर 707A तक सफाई अभियान चलाया जिसमें प्लास्टिक तथा अन्य कूडा इकट्टा करके उसका निस्तारण किया गया। समूह -2 ने महाविद्यालय परिसर के अंदर की सफाई की। समूह -3 ने महाविद्यालय परिसर में लगे डंगों पर उगी घास व झाड़ियों की सफाई की। समूह 4 व 5 ने महाविद्यालय परिसर के अंदर इकट्टी हुई मिट्टी की सफाई करने का कार्य किया। इस अभियान में महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 86 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। स्वयंसेवियों को जलपान करवाने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।









**सराहां में स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान**

**नाहन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा महात्मा गांधी जी के जीवन पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी की ओर से संक्षिप्त भाषण दिया गया। स्वयंसेवी आशिमा ठाकुर ने महात्मा गांधी के जीवन पर कविता पेश की। इसके उपरांत सभी स्वयंसेवियों की ओर से महाविद्यालय परिसर व साथ लगते क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के 86 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। संवाद

2024/10/3 09:47

**4th Oct, 2024**:-

दिनांक 04.10.2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की साइबर जागरूकता सेल एवं एन.एस.एस. इकाई ने "साइबर जागरूकता" कार्यक्रम का आयोजन किया।

जिसके अंतर्गत महाविद्यालय लेक्चर हॉल न. 23 में साइबर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. दिनेश कुमार (एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी) ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा प्रो. सुदेश कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर दिनेश कुमार ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





## सराहां कॉलेज में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**देवभूमि मिरर/सोलन**


राजकीय महाविद्यालय सराहां की साइबर जागरूकता सेल एवं एनएसएस इकाई ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय लेक्चर हॉल न. 23 में साइबर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. दिनेश कुमार (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा के बारे में सम्बोधित किया। इसके अलावा प्रो सुदेश कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के लिए जागरुकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर दिनेश कुमार ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. अनीता ठाकुर (प्रिंसिपल, राजकीय महाविद्यालय, सराहाँ), प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. राजन कौशल, डॉ. सुध्यान नेगी, डॉ. मोहल्ला डोलमा, प्रो. कृष्ण दत्त, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. प्रियंका सराओ,शंभू नाथ (अधीक्षक), संजीव कुमार (क्लर्क) और श्रीमती किरण कांत (लाइब्रेरियन) उपस्थित रहे।

**28th Oct, 2024**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिवाली की पूर्व संध्या पर "YEH DIWALI MY BHARAT WALI" अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर तथा सराहां बाजार में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने

प्लास्टिक व अन्य कचरा इकट्ठा करके उसका निष्पादन किया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर में लगे पौधों की गुड़ाई व सिंचाई की। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण में दिवाली पर रंगोली बनाकर व दीये जलाकर दिवाली का जश्न मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र से गुणों को आत्मसात करने का आह्वान किया।








**<u>7th Nov. 2024</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 7 नवम्बर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व Anti drug cell के सन्युक्त तत्वाधान में अध्यापको व विद्यार्थियो को Anti tobacco दिवस पर शपथ दिलाई गई।




**8th Nov. 2024**:-

दिनांक 8 नवंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में Electoral literacy club द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मतदाता नामांकन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ELC नोडल ऑफिसर दिनेश कुमार व कार्यालय वरिष्ठ सहायक संजीव कुमार द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के मतदाता नामांकन पत्र भरे गए जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष हो रही थी ।







**14th Nov. 2024**:-

दिनांक 14 नवंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रोफेसर दिनेश कुमार ने नेहरू जी के व्यक्तित्व पर एक संक्षिप्त व्याख्यान देते हुए भारतीय राजनीति में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।








**<u>26th Nov. 2024</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में दिनांक 26 नवम्बर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राजनीति शास्त्र विभाग के सौजन्य से संविधान दिवस के अवसर पर एक पेपर रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता का शीर्षक था 'संविधान एक जीवंत दस्तावेज़'। इस प्रतियोगिता में आशिमा ठाकुर को प्रथम , श्रुति शर्मा को द्वितीय, अन्वेषक शर्मा को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इसके अतिरिक्त आशीष कुमार एवं पवन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए डॉo राजन कौशल ने सभी श्रोताओं से विषय सम्बंधित कुछ प्रश्न भी पूछे व सबसे अधिक प्रश्नों के उत्तर देने वाले विद्यार्थी, संतोष को भी पुरस्कार से सम्मानित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता ठाकुर ने विद्यर्थियों को संबोधित किया एवं संविधान के प्रस्तावना की शपथ भी दिलवाई। प्रोo जगमोहन ठाकुर ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को संविधान से सम्बंधित जानकारी सांझा की।





**2$^{nd}$ Dec. 2024**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर 'पोस्टर मेकिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूक करना रहा। सर्वप्रथम रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. मोल्लम डोलमा ने सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को रेड रिबन के बैज पहनाए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए महक शर्मा बी. ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, आयुष सिंह बी. ए. प्रथम वर्ष ने दूसरा स्थान और अर्चना ठाकुर बी. ए. प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अभियान से विद्यार्थी एचआईवी और एड्स जैसे लाइलाज बीमारी के प्रति जागरूक होंगे तथा सामाजिक जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस

अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए इसी तरह गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।







**<u>10th Dec. 2024</u>:-**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 10/12/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा "हमारा अधिकार, हमारा भविष्य" थीम के अंतर्गत मानव अधिकारों पर संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों को मानव अधिकारों से संबंधित वीडियो दिखाकर अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की 59 स्वयंसेवियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवियों को मानव अधिकार, उसका इतिहास व अधिकारों की विभिन्न श्रेणियां का ज्ञान प्राप्त हुआ।







**14th Dec. 2024**:-

दिनांक 14/12/2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय स्वयंसेवी इकाई के स्वयंसेवियों ने गोद लिए गए क्षेत्र जोहनाघाट में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। “स्वच्छता ही सेवा" विषय के अन्तर्गत स्वयंसेवियों ने हनुमान मंदिर के परिसर और आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इसके साथ स्वयंसेवियों ने पौधों की गुड़ाई और सिंचाई भी की। इस एक दिवसीय शिविर में लगभग 35 के करीब स्वयंसेवियो ने हिस्सा लिया।












**5th Feb. 2025**:-

दिनांक 05.02.2025 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की साइबर जागरूकता सेल एवं एन.एस.एस. इकाई ने "साइबर जागरूकता" कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय लेक्चर हॉल न. 23 में साइबर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. दिनेश कुमार (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) ने प्रो. जगमोहन ठाकुर ( कार्यवाहक प्रिंसिपल, राजकीय महाविद्यालय, सराहाँ), स्रोत व्यक्ति प्रो. प्रियंका सराव (सह-आचार्य वाणिज्य विभाग) प्रो. सुदेश कुमार ( संयोजक साइबर जागरुकता सेल) व विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात स्रोत व्यक्ति प्रो. प्रियंका सराव ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी सांझा की ओर विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुक रहने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर सुदेश कुमार ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




**3rd March 2025**:-

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में महिला प्रकोष्ठ एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद के संयुक्त तत्वाधान में "बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत दो दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के पहले दिन बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री दीपक चौहान ने महाविद्यालय के छात्राओं को अपनी सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता ASI श्री नरेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीक सिखाए। साथ ही उन्होंने स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए मानसिक और शारीरिक हिंसा का मजबूती से सामना करने के उपाय बताए। इस अवसर पर साइबर खतरों से बचने के लिए समाधानों पर भी बल दिया।







**<u>6th March 2025</u>:-**

दिनांक 6 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय स्वयंसेवी इकाई के स्वयंसेवियों ने गोद लिए गए गांव सराहां के क्षेत्र सिरमौरी ताल में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। "स्वच्छता ही सेवा" विषय के अन्तर्गत स्वयंसेवियों ने सिरमौरी ताल और उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इसके साथ स्वयंसेवियों ने पौधों की गुड़ाई और सिंचाई भी की। इस एक दिवसीय शिविर में लगभग 53 स्वयंसेवियो ने हिस्सा लिया।









**7th March 2025**:-

दिनांक 7 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया, जिसके तहत महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई तथा पौधों की गुड़ाई के साथ-साथ "My Bharat Portal" पर स्वयंसेवियों का रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया।





**11th March 2025**:-

दिनांक 7 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह से पूर्व महाविद्यालय सभागार व परिसर की सफाई की गई एवम स्टेज बनाने में सहयोग किया गया।




**13th March 2025**:-

दिनांक 13 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के बाद महाविद्यालय सभागार व परिसर की सफाई की गई।

तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वयंसेवियों को Viksit Bharat प्रतियोगिता में online “My Bharat Portal” के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लेने के बारे जानकारी दी गई।






**22nd March 2025**:-

दिनांक 22 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमे कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जल के महत्व पर एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवी आशिमा ठाकुर और आशीष कुमार ने भी जल की महत्ता पर अपने विचार रखे।






GPS Map Camera
Sarahan, Himachal Pradesh, India
P5gj+f5w, Sarahan, Himachal Pradesh 173024, India
Lat 30.726325° Long 77.180455°
22/03/2025 11:38 AM GMT +05:30
Google

# END